**भारत सरकार**
**सूचना और प्रसारण मंत्रालय**
**(नीति नियोजन प्रकोष्ठ)**

****

**नई दिल्ली**, 25 **अप्रैल, 2024**

**विषय: मार्च, 2024 माह के लिए सूचना और प्रसारण मंत्रालय के महत्वपूर्ण कार्यकलापों पर मंत्रिमंडल के लिए सारांश (संख्या 3)।**

मार्च, 2024 माह के लिए इस मंत्रालय से संबंधित महत्वपूर्ण कार्यकलाप/आयोजन नीचे दिए गए हैं:-

1. **आम चुनाव 2024 और "मेरा पहला वोट देश के लिए" अभियान**

1.1 "मेरा पहला वोट देश के लिए" **अभियान गान** की व्यापक गूंज ने देश भर में छात्रों, गायकों और संगीतकारों का उत्साह बढ़ाया। मूल रूप से हिंदी में रचित, इस गान का अनुवाद **11 अनुसूचित भाषाओं के साथ-साथ आदि और खासी में** किया गया। ट्विटर पर माननीय प्रधान मंत्री की पोस्ट को 10.2 मिलियन से अधिक बार देखा गया। एक **'जन आंदोलन'** के रूप में उभरते हुए, इस अभियान में विविध पृष्ठभूमि के लगभग 500 प्रमुख व्यक्ति शामिल हुए।

1.2 शिक्षा मंत्रालय और MyGov के सहयोग से शुरू किए गए इस अभियान की पहुंच आकर्षक कार्यकलापों के साथ देश भर के विश्वविद्यालयों और कॉलेजों तक थी। इसमें वाद-विवाद, सेमिनार, नृत्य और गायन प्रदर्शन, नुक्कड़ नाटक और फ्लैश मॉब आयोजित किए गए जिसमें **5.4 लाख से अधिक छात्रों** ने भाग लिया। MyGov ने **2.55 लाख से अधिक नागरिकों** को आकर्षित करते हुए कई कार्यकलापों की मेजबानी की। मंत्रालय के सोशल मीडिया हैंडल ने 3,400 से अधिक पोस्टों पर प्रकाश डाला, जिसने **104 मिलियन से अधिक इंप्रेशन/व्यूज अर्जित किए**, जिसमें इन्फोग्राफिक्स, प्रतिज्ञा लेते युवाओं के वीडियो और प्रसिद्ध हस्तियों की अपील और पहली बार के मतदाताओं को दिखाया गया। न्यू मीडिया विंग (एनएमडब्ल्यू) ने हैशटैग **#MeraPehlaVoteDeshKeLiye** के तहत रील्स, मीम्स, वीडियो और ग्राफिक्स का उपयोग कर व्यापक ऑनलाइन अभियान चलाया।

1.3 सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने **माननीय प्रधानमंत्री के मन की बात पुस्तिका** के फरवरी 2024 संस्करण का अनावरण किया जिसमें कवर स्टोरी **'मेरा पहला वोट- देश के लिए'** थी। इसमें मीडिया प्रतिक्रियाओं के साथ-साथ माननीय प्रधान मंत्री द्वारा विशेष उल्लेख वाली कहानियां और टेस्टिमोनियल भी शामिल थे। यह ई-संस्करण ई-संपर्क के माध्यम से 6 करोड़ से अधिक नागरिकों तक पहुंचा और यह सूचना और प्रसारण मंत्रालय, MyGov, पीएम इंडिया आदि की वेबसाइटों पर उपलब्ध है। इसकी मुद्रित प्रतियां सभी माननीय संसद सदस्यों और विधायकों, भारत सरकार और राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों के वरिष्ठ अधिकारियों तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के क्षेत्रीय कार्यालयों को वितरित की गईं।

1.4 डीडी न्यूज ने 2024 के आम चुनावों से पहले **'राज्य नीति', 'जनादेश', 'क्या बोले भारत', '24 की चुनौती'** और **'चुनावी चक्कलास', जैसे विशेष शो लॉन्च** किए जो विशेषज्ञों की चर्चाओं और जमीनी रिपोर्टों के माध्यम से राज्यों में राजनीतिक परिदृश्य में अंतर्दृष्टि प्रदान करते हैं। इसके अतिरिक्त, समाचार सेवा प्रभाग, आकाशवाणी (एनएसडी, एआईआर) ने 17.03.2024 से **"लोक प्रसारक के साथ लोक निर्णय 2024" शीर्षक से 30 मिनट का दैनिक लाइव** द्विभाषी कार्यक्रम शुरू किया, जिसमें मतदाता जागरूकता और चुनाव संबंधी समाचारों के प्रसार पर ध्यान केंद्रित किया गया। इस कार्यक्रम में चुनावी कार्यकलापों, क्षेत्रीय अंतर्दृष्टि, विशेषज्ञ विश्लेषण पर अपडेट और श्रोताओं से अपने वोटों की गिनती सुनिश्चित करने की अपील की जाती है।

1.5 पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) ने आम चुनाव 2024 पर व्यापक जानकारी के लिए एक **मीडिया सुविधा पोर्टल** आरंभ किया है। इसके अतिरिक्त, पीआईबी ने https://pib.gov.in/elect2024/index.aspx पर एक समर्पित माइक्रोसाइट लॉन्च की है, जो आम चुनाव 2024 को कवर करने वाले मीडिया कर्मियों के लिए एक वन-स्टॉप सुविधा पोर्टल के रूप में कार्य कर रही है। माइक्रोसाइट में चुनाव की अवधि के दौरान पत्रकारों और मीडिया पेशेवरों के लिए रिपोर्टिंग अनुभव को बढ़ाने के लिए कई विशेषताएं मौजूद हैं।

2. **व्यवसाय करने में आसानी के लिए पहलें**

2.1 **प्रसार भारती - प्रसारण और प्रसार के लिए ऑडियो विजुअल (पीबी-एसएचएबीडी) साझा करना**: माननीय सूचना और प्रसारण मंत्री, श्री अनुराग ठाकुर ने 13.03.2024 को राष्ट्रीय मीडिया सेंटर, नई दिल्ली में पीबी-एसएचएबीडी का उद्घाटन किया। पीबी-एसएचएबीडी प्रसार भारती, डीडी न्यूज, आकाशवाणी समाचार और एआईआर मोबाइल ऐप पर अपडेटेड न्यूज, द्वारा एक **समाचार साझा करने की सेवा है** जो प्रमुख भारतीय भाषाओं में पचास श्रेणियों में क्लीन फ़ीड समाचार कहानियां पेश करता है। यह सेवा प्रारंभिक प्रस्ताव के रूप में पहले वर्ष के लिए निःशुल्क उपलब्ध है। इनका विवरण https://shabd.prasarbharati.org/ पर उपलब्ध है ।

2.2 **चलचित्र (प्रमाणन) नियम, 2024 के तहत ऑनलाइन प्रमाणन प्रणाली**: चलचित्र (संशोधन) अधिनियम, 2023 के बाद, सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने 15.03.2024 को चलचित्र (प्रमाणन) नियम, 1983 के स्थान पर चलचित्र (प्रमाणन), 2024 को अधिसूचित किया। इन नियमों का उद्देश्य ऑनलाइन प्रमाणन प्रक्रियाओं के आरंभ तथा लेन-देन संबंधी समय के समापन द्वारा और फिल्मों की प्रायोरिटी स्क्रीनिंग को लागू कर **फिल्म उद्योग में पारदर्शिता, दक्षता और व्यापार करने में आसानी को बढ़ावा देना है।** मुख्य सुधारों में फिल्मों को दिव्यांगजनों के लिए समावेशी बनाने के लिए पहुंच **(एक्सेसिबिलिटी) सुविधाओं के लिए प्रावधान, आयु-आधारित प्रमाणन श्रेणियां** (यूए 7+, यूए 13+, यूए 16+) और केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) और सलाहकार पैनलों में महिलाओं का अधिक प्रतिनिधित्व शामिल हैं।

2.3 **प्रेस और नियतकालिक पत्रिका रजिस्ट्रीकरण नियम, 2024 और प्रेस सेवा पोर्टल**: प्रेस और नियतकालिक पत्रिका रजिस्ट्रीकरण नियम, 2024 को 01.03.2024 को अधिसूचित किया गया था, साथ ही उसी तारीख से प्रेस और नियतकालिक पत्रिका रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 2023 भी लागू

हुआ। यह नया अधिनियम भारत में समाचार पत्रों और नियतकालिक पत्रिका रजिस्ट्रीकरण की सुविधा के लिए एक ऐसी ऑनलाइन प्रणाली का आरंभ करता है, जो पिछली मैनुअल, बहु-चरणीय प्रक्रियाओं की जगह लेती है और जो प्रकाशकों के लिए कठिनाइयों का कारण बनती थीं। नए अधिनियम के अनुसार भारत के प्रेस रजिस्ट्रार जनरल के प्रेस सेवा पोर्टल (presssewa.prgi.gov.in) को आवेदन प्राप्त करने के लिए एक यूज़र फ्रेंडली इंटरफेस के साथ लॉन्च किया गया है।

**3. आजादी का अमृत महोत्सव के तहत पहलें।**

3.1 **अमेज़ॅन प्राइम पर "स्वराज" सीज़न का लॉन्च:** माननीय सूचना और प्रसारण मंत्री, श्री अनुराग ठाकुर ने 12.03.2024 को मुंबई में अमेज़ॅन प्राइम ओटीटी प्लेटफॉर्म पर "स्वराज" का पहला सीज़न लॉन्च किया। "आज़ादी का अमृत महोत्सव" अभियान के तहत दूरदर्शन पर मूल रूप से अगस्त 2022 में लॉन्च किया गया "स्वराज" भारत के स्वतंत्रता संग्राम के अनगिनत नायकों और उनके अदम्य साहस की कहानियों का वर्णन करता है।

3.2 **दूरदर्शन पर "सरदार : द गेम चेंजर" की घोषणा :** सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में दिनांक 10.03.2024 को दूरदर्शन द्वारा "सरदार : द गेम चेंजर" नामक एक 52-एपिसोड वाले नए वाले सीरियल के लॉन्च की घोषणा की गई थी।

3.3 **एफटीआईआई द्वारा अमृत महोत्सव समारोह पाठ्यक्रम:** भारतीय फिल्म और टेलीविजन संस्थान (एफटीआईआई) ने विभिन्न राज्यों/संघ राज्यों क्षेत्रों में **अनुसूचित जनजाति(एसटी) समुदाय के प्रतिभागियों** के लिए विशेष रूप से एक पाठ्यक्रम के साथ अमृत महोत्सव समारोह (एएमसी) पाठ्यक्रम पहल के तहत 75 पाठ्यक्रमों की सीरीज का समापन किया। स्मार्टफोन फिल्म निर्माण(ऑफ़लाइन) में अंतिम एएमसी बेसिक कोर्स छत्तीसगढ़ राज्य सरकार के जनजातीय विभाग के सहयोग से 29 फरवरी से 4 मार्च 2024 तक जशपुर में हुआ जिसमें 27 एसटी उम्मीदवारों की भागीदारी थी। एसटी उम्मीदवारों के लिए नि:शुल्क संचालित ये एएमसी पाठ्यक्रम फिल्म निर्माण के क्षेत्र में समावेशिता और विविधता को बढ़ावा देने में सहायक रहे हैं।

**4. न्यूनतम सरकार अधिकतम शासन पर पहलें**

4.1 **फीचर फिल्मों के सार्वजनिक प्रदर्शन में पहुंच मानकों के लिए दिशानिर्देश:** सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने दिनांक 15.03.2024 को "श्रवण और दृष्टिबाधित व्यक्तियों के लिए सिनेमा थिएटरों में फीचर फिल्मों के सार्वजनिक प्रदर्शन में पहुंच मानकों के लिए दिशानिर्देश" जारी किए। इन दिशानिर्देशों का उद्देश्य **श्रवण और दृष्टिबाधित व्यक्तियों तक फिल्मों की पहुंच** सुनिश्चित करना है। व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए सिनेमाघरों में सार्वजनिक प्रदर्शन के लिए बनाई गई फीचर फिल्मों को, एक से अधिक भाषाओं में प्रमाणित फिल्मों के लिए 6 महीने के भीतर और अन्य

सभी के लिए 2 वर्ष के भीतर इन दिशानिर्देशों का पालन करना आवश्यक है। ये पहुंच मानक श्रवण बाधित और दृष्टिबाधित व्यक्तियों प्रत्येक के लिए कम से कम एक पहुंच सुविधा का प्रावधान अनिवार्य करते हैं, जिसमें क्लोज्ड **कैप्शनिंग और ऑडियो विवरण** शामिल हैं। सिनेमा थिएटरों के लाइसेंसधारियों के लिए नियमित शो के दौरान थिएटरों, मोबाइल ऐप या अन्य उपलब्ध प्रौद्योगिकियों **में कस्टमाइज्ड उपकरण लगाना आवश्यक है।**

4.2 **सामुदायिक रेडियो स्टेशन (सीआरएस)** : मंत्रालय ने महीने के दौरान छह (06) नए सामुदायिक रेडियो स्टेशन (सीआरएस) चालू किए और नौ (09) अनुमति मंजूरी करार(जीओपीए) को नवीनीकृत करने के साथ-साथ एक (01) नए जीओपीए पर हस्ताक्षर किए।

4.3 **चैनल लाइसेंसिंग** : सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने महीने के दौरान तीन (03) नए चैनलों के लिए अनुमति प्रदान की और एक (01) चैनल के सरेंडर अनुरोध/रद्दकरण को स्वीकार किया। दिनांक 31.03.2024 तक, भारत में अप-लिंकिंग और डाउनलिंकिंग के लिए अधिकृत प्राईवेट **सैटेलाइट टीवी चैनलों की कुल संख्या 912** है।

5. **सामग्री विनियमन**

5.1 **अश्लील सामग्री स्ट्रीम करने वाले 18 ओटीटी प्लेटफार्मों को ब्लॉक करना** : सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने विभिन्न मध्यस्थों के समन्वय से, अश्लील, अशिष्ट और कुछ मामलों में, पोर्नोग्राफिक सामग्री प्रकाशित करने के लिए 18 ओटीटी प्लेटफार्मों को ब्लॉक करने की कार्रवाई की है। **19 वेबसाइटें, 10 ऐप्स (गूगल प्ले स्टोर पर 7, एप्पल एप स्टोर पर 3), और इन प्लेटफार्मों के 57 सोशल मीडिया अकांउटस को** आईटी अधिनियम, भारतीय दंड संहिता और स्त्री अशिष्ट रूपण(प्रतिषेध) अधिनियम के प्रथम दृष्टया उल्लंघन के कारण भारत में सार्वजनिक पहुंच के लिए डिस्एबलकर दिया गया है।

5.2 **आईटी अधिनियम की धारा 69 क के तहत ब्लॉक करना**: आईटी अधिनियम की धारा 69 क के तहत 35 अकाउंट, सोशल मीडिया पर 34 यूआरएल और 1 वेबसाइट यूआरएल को ब्लॉक करने के निर्देश जारी किए गए। साथ ही 1 सोशल मीडिया अकाउंट को अनब्लॉक करने के आदेश जारी किए गए।

5.3 **डीपीसीजीसी द्वारा वेब-सीरीज़ सामग्री की जांच** : एक शिकायत के उतर में, डिजिटल प्रकाशक सामग्री शासी परिषद(डीपीसीजीसी), जो कि ओटीटी प्लेटफार्मों का एक स्व-विनियामक निकाय है, से **एएलटी बालाजी ओटीटी** प्लेटफॉर्म पर वेब-सीरीज़ स्ट्रीमिंग के संबंध में जांच करने और उचित निर्देश जारी करने का अनुरोध किया गया था**।** डीपीसीजीसी ने सूचित किया है कि प्रासंगिक औचित्य के बिना सेक्स और नग्नता वाले कुछ दृश्यों में संपादन किया गया है।

5.4 **ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुए को बढ़ावा देने पर एडवाइजरी**: दिनांक 21.03.2024 को एक एडवाइजरी जारी की गई थी जिसमें सोशल मीडिया पर एन्डोरसर्स और इन्फ्लुएन्सर्स से ऑफशोर ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुआ प्लेटफार्मों को बढ़ावा देने से परहेज करने का आग्रह किया गया था। सोशल मीडिया मध्यस्थों को ऐसी सामग्री के प्रकाशन को हतोत्साहित करने के लिए उपयोगकर्ताओं को सेंसिटाईज करने की सलाह दी गई थी ।

5.5 **प्राईवेट सैटेलाइट टीवी चैनलों पर सामग्री विनियमन:** केबल टेलीविजन नेटवर्क (संशोधन) नियम 2021 के तहत अंतर-विभागीय समिति की एक बैठक के बाद, केबल टेलीविजन नेटवर्क अधिनियम, 1995 के तहत कार्यक्रम संहिता के उल्लंघन के संबंध में प्राइवेट सैटेलाइट टीवी चैनलों को दो एडवाइजरी और एक चेतावनी जारी की गई थी।

6. **फिक्की फ्रेम्स 2024 के 24वें संस्करण का उद्घाटन सत्र** दिनांक 05.03.2024 को मुंबई में आयोजित किया गया जिसमें महाराष्ट्र सरकार के माननीय कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री, श्री मंगल प्रभात लोढ़ा, अभिनेता सुश्री रानी मुखर्जी और फिक्की के वरिष्ठ प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सचिव, सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने इस अवसर पर एक विशेष भाषण दिया जिसमें भारत में मीडिया और मनोरंजन (एम एंड ई) क्षेत्र के योगदान का उल्लेख किया गया और इस क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार द्वारा की गई नीतियों और पहलों पर प्रकाश डाला गया।

7. **अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस (08.03.2024) का जश्न**

7.1 दिनांक 11.03.2024 को **सशक्त नारी - विकसित भारत कार्यक्रम में माननीय प्रधान मंत्री की भागीदारी** के लिए विभिन्न मीडिया प्लेटफार्मों के माध्यम से चौतरफा प्रचार प्रदान किया गया। महिला दिवस पर एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में कटौती के संबंध में माननीय प्रधान मंत्री की घोषणा को इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया में महत्वपूर्ण कवरेज प्रदान किया गया।

7.2 मंत्रालय के मुख्य सचिवालय ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस से पहले मंत्रालय की **महिला अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए निबंध लेखन, एमसीक्यू, पोस्टर मेकिंग और स्लोगन लेखन** जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। इन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को दिनांक 08.03.2024 को नेशनल मीडिया सेंटर, नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। ऐसे समान कार्यकलाप मंत्रालय की विभिन्न मीडिया यूनिटों/संगठनों द्वारा आयोजित किए गए।

7.3 मंत्रालय ने दिनांक 11.03.2024 को होटल अशोक, दिल्ली में **"जेंडर सेंस्टिाइजेशन - भारत में महिलाओं का चित्रण" पर एक बहु-हितधारक गोलमेज चर्चा** का आयोजन किया, जिसका संचालन

प्राइमस पार्टनर्स प्राइवेट लिमिटेड ने किया। पैनल में सूचना और प्रसारण मंत्रालय की अपर सचिव सुश्री नीरजा शेखर और प्रसार भारती, फिक्की, यूएन वीमेन, नेटफ्लिक्स, वार्नर ब्रोस डिस्कवरी, यूनिसेफ, बीएजी फिल्म्स एंड मीडिया लिमिटेड, रेडियो मेवात, टाइम्स ऑफ इंडिया, इक्विलिब्रियो एडवाइजरी एलएलपी, फीवर एफएम, सुश्री अनुप्रिया गोयनका (अभिनेत्री), और प्राइमस पार्टनर्स के वक्ता शामिल थे।

7.4 भारतीय सिनेमा के राष्ट्रीय संग्रहालय (एनएमआईसी) ने विभिन्न देशों की पांच महिला वक्ताओं, जिसमें एक भारत से भी शामिल है, के साथ '**वीमेन इन सिनेमा; शेपिंग ग्लोबल नैरेटिव'** विषय पर एक हाइब्रिड पैनल चर्चा आयोजित की।

7.5 एनएसडी: आकाशवाणी ने दिनांक 11.03.2024 को **"महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए सरकार के प्रयास और पहल"** पर एक चर्चा प्रसारित की। प्रकाशन प्रभाग (डीपीडी) ने महिला दिवस के अवसर पर सभी सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर प्रभावशाली महिलाओं पर पुस्तकों को हाईलाइट करने वाली क्रिएटिव्स पोस्ट कीं।

8. सत्यजीत रे फिल्म और टेलीविजन संस्थान (एसआरएफटीआई) ने राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम (एनएफडीसी) और भारतीय राष्ट्रीय फिल्म अभिलेखागार (एनएफएआई) के सहयोग से, **आर्क्यूरिया 2024 -** फिल्म संग्रह, क्यूरेशन और फिल्म बहाली पर एक अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम का आयोजन 16 से 22 मार्च 2024 तक एसआरएफटीआई, कोलकाता में किया। यह कार्यक्रम सिनेमा के साथ एक व्यापक शैक्षणिक जुड़ाव था, जिसमें **'आर्काइविंग और रिस्टोरेशन पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी',** भारतीय सिनेमा पर ध्यान केंद्रित करने वाले छात्रों के लिए एक सिनेमा क्यूरेशन कार्यशाला, एनएफडीसी-एनएफएआई द्वारा रिस्टोर्ड फिल्मों का प्रदर्शन करने वाला एक समारोह, क्यूरेटेड पैकेजों से फिल्मों की विशेष स्क्रीनिंग, फिल्म यादगार वस्तुओं को प्रदर्शित करने वाली प्रदर्शनियां, लाइव प्रदर्शन और एक स्मरणोत्सव व्याख्यान शामिल था।

9. **विशेष कवरेज/लेख/बुकलेट्स**

9.1 विभिन्न राज्य-स्तरीय विकसित भारत कार्यक्रमों के दौरान नागरिकों के साथ माननीय प्रधान मंत्री की बातचीत को मीडिया कवरेज के माध्यम से प्रभावी ढंग से बढ़ाया गया। मार्च, 2024 में उल्लेखनीय कार्यक्रमों में बिहार, जम्मू और कश्मीर, पूर्वोत्तर और पश्चिम बंगाल के नागरिकों के साथ आयोजित कार्यक्रम शामिल थे। डीडी न्यूज़ ने विभिन्न क्षेत्रों में भारत की विकास गाथा को प्रदर्शित करने के लिए **'नेक्स्टजेन भारत'** नामक एक विशेष साप्ताहिक कार्यक्रम प्रसारित किया। न्यू मीडिया विंग (एनएमडब्ल्यू) ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों पर वीडियो बाइट्स को साझा कर इमेजिस और ग्राफिक्स आदि को **#HamaraSankalpViksitBharat** और

**#ViksitBharatSankalpYatra** जैसे हैशटैग का उपयोग कर **विकसित भारत संकल्प यात्रा (वीबीएसवाई)** को प्रसारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

9.2 प्रसार भारती और प्रेस सूचना कार्यालय (पीआईबी) ने वर्ष 2022 और 2023 के लिए संगीत नाटक अकादमी फैलोशिप और पुरस्कार, राष्ट्रीय रचनाकार पुरस्कार, स्टार्टअप महाकुंभ, रिपब्लिक समिट 2024 और पीएम-सूरज राष्ट्रीय पोर्टल का शुभारंभ सहित **भारत के माननीय राष्ट्रपति, उप राष्ट्रपति और प्रधान मंत्री की सहभागिता वाले महत्वपूर्ण कार्यक्रमों** को लाइव कवरेज और व्यापक प्रचार प्रदान किया।

9.3 **न्यू इंडिया समाचार (एनआईएस)** के मार्च 2024 संस्करण में "पिछले दशक की विकास यात्रा" और "विकास रथ बना विश्वास रथ" पर कवर स्टोरीज़ प्रदर्शित की गईं। केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी) द्वारा 13 भाषाओं में प्रकाशित, एनआईएस को देश भर में वितरित किया गया।

## 10. मीडिया यूनिटों के कार्यकलापों का सारांश

10.1 **पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी)**: पीआईबी और उसके क्षेत्रीय कार्यालयों ने अंग्रेजी, हिंदी और 14 क्षेत्रीय भाषाओं में **5,180 से अधिक प्रेस विज्ञप्तियां जारी की** और **2 वार्तालाप** आयोजित किए। नागरिकों के बीच केंद्र सरकार की विभिन्न स्कीमों और पहलों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए, 'स्पेशल थीम्स' के तहत लगभग **70 महत्वपूर्ण लेख** प्रकाशित किए, जिसके परिणामस्वरूप देशभर में लगभग 350 क्लिपिंग प्राप्त हुईं। पीआईबी फैक्ट चेक यूनिट ने **37 फर्जी खबरों का भंडाफोड़ किया और 50 ट्वीट पोस्ट किए।**

10.2 **केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी):** माह के दौरान, सीबीसी ने एक व्यापक लोक संपर्क कार्यनीति को कार्यान्वित किया और पश्चिम बंगाल के विकास पर एक प्रिंट विज्ञापन जारी किया तथा प्रमुख समाचार पत्रों में **32 स्ट्रिप विज्ञापन** जारी किए, जिनमें से प्रत्येक में **सरकार की प्रमुख स्कीमो** के महत्वपूर्ण विषयों को हाईलाइट किया गया। हमारा संकल्प विकसित भारत, आयुष्मान भारत, आधार शिविर, पीएम आवास शिविर, उज्ज्वला योजना आदि जैसे विषयों पर देश भर में सीबीसी के क्षेत्रीय कार्यालयों (आरओ)/फील्ड कार्यालयों (एफओ) द्वारा एकीकृत संचार और लोक संपर्क कार्यक्रम (आईसीओपी), फील्ड कार्यक्रम और जागरूकता अभियान आयोजित किए गए।

10.3 **सोशल मीडिया कवरेज**: मंत्रालय के सोशल मीडिया हैंडल ने लगभग **284 यूनिक ग्राफिक्स,** वीडियो, रील, इमेजिज, पोस्ट, ट्वीट इत्यादि प्रसारित करके विभिन्न विषयों पर व्यापक कवरेज और प्रचार प्रदान किया। इन प्रयासों का उद्देश्य प्रमुख पहलों और घटनाओं से जनता को जोड़ना और सूचित करना, डिजिटल प्लेटफार्मों पर व्यापक जागरूकता और भागीदारी को बढ़ावा देना था। **मेरा पहला वोट, विकसित भारत संकल्प यात्रा, राष्ट्रीय रचनाकार पुरस्कार,** नागरिकता संशोधन

अधिनियम, यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल, ब्लू फ्लैग बीच, एमआईबी पॉडकास्ट, एमआईबी पॉजिटिव और वीकनामा जैसे अभियानों को इन्फोग्राफिक्स, रील्स, ऑडियो और वीडियो सामग्री के माध्यम से हाईलाइट किया गया।

**(सी. सेंथिल राजन)**
**संयुक्त सचिव, भारत सरकार**
**दूरभाष: 23382597**